पीजीडीएवी कॉलेज में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय में "भाषा संगम- भारतीय भाषाएं और विकसित भारत" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी भारतीय भाषा समिति (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा वित्तपोषित थी। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय भाषाओं की भूमिका और "विकसित भारत" के निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा करना था। संगोष्ठी भारतीय शिक्षण मंडल और पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य) के संयुक्त प्रयासों से आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता डॉ. सचिदानंद जोशी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में भाषाओं की समृद्ध उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि मातृभाषा के साथ-साथ एक अन्य भाषा का भी उपयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अनिल गुप्ता ने भी इस अवसर पर अपना विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आरके गुप्ता ने स्वागत भाषण में संगोष्ठी की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।